गृह विज्ञान

प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र 2024–2025

कक्षा–10

समय 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक– 70

नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिये निर्धारित है।

निर्देशः–(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड खण्ड–अ तथा खण्ड–ब हैं।

(iii) खण्ड – अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर देने हैं।

(iv) खण्ड–अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करे।

(v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित है

(vi) खण्ड–ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न है।

(vii)प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

खण्ड – अ

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय है। निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। उनमें से सहीं विकल्प चुनकर क्रमवार उत्तर पत्रक पर अंकित करें। 1X20=20

1. निम्न में से सुरक्षित चेक है–
   (A) वाहक चेक (B) क्रास चेक
   (C) दोनों (D) कोई नहीं
2. रोगी को ले जाने के लिये प्रयोग करना चाहिए–
   (A) चारपाई (B) डोली
   (C) कुर्सी (D) स्ट्रेचर
3. अशुद्ध जल से होने वाला रोग है–
   (A) पोलियो (B) पेचिस
   (C) हैजा (D) सभी।
4. वाशिंग मशीन से बचत होती है–
   (A) समय की (B) श्रम की
   (C) सर्फ की (D) सभी की।
5. ठंडे स्पंज में क्या प्रयोग करना चाहिए–
   (A) बर्फ का पानी (B) बर्फ
   (C) ताजा पानी (D) घुली हुयी बर्फ का पानी।
6. वाटर फिल्टर में कोष्ठ होते है–
   (A) एक (B) दो
   (C) तीन (D) चार।

7. मोतीझरा का सम्प्राप्ति काल है–

(A) 7–21 दिन (B) 2–3 दिन

(C) 4–6 दिन (D) कोई नही।

8. रूधिर की शुद्धि किस अंग में होती है–

.(A) पाचन अंग (B)फुफ्फुंस

(C) हृदय (D) त्वचा ।

9. भोपाल दुर्घटना किसका उदाहरण है–

(A) वायु प्रदूषण (B) जन प्रदूषण

(C) ध्वनि प्रदूषण (D) रेडियोधर्मी प्रदूषण।

10. आठ से चौदह वर्ष की आयु में नाड़ी की गति होती है–

.(A) 60–70 (B) 80–90

(C) 62–80 (D) 70–80।

11. तलने की विधि है–

.(A) गहरी (B) उथली

(C) शुष्क (D) तीनों ।

12. प्याज की पुल्टिस किस पर बाँधनी चाहिए–

. (A) मोच पर (B) चोट पर

(C) फोड़े पर (D) सभी पर।

13. प्राकृतिक असंतुलन से कौन सी आपदा आती हैं–

(A) सूखा पड़ना (B) बाढ़ आना

(C) भूमि बंजर होना (D) सभी ।

14. सूती तंतु प्राप्त होता है–

(A) रसायनों से (B) पशुओं से

(C) वनस्पति से (D) कोई नहीं।

15. क्षय रोग के रोगी के भोजन में किसकी मात्रा अधिक होनी चाहिए?

(A) प्रोटीन (B) वसा

(C) कार्बोज (D) विटामिन ।

16. आदर्श बजट माना जाता है –

(A) संतुलित (B) घाटे का

(C) बचत का (D) कोई नही ।

17. चेचक रोग फैलता है–

(A) जल द्वारा (B) रक्त द्वारा

(C) वायु द्वारा (D) भोजन द्वारा।

18. भोजन कक्ष की देशी शैली में खाते समय खाना रखने के लिए कक्ष में होना चाहिए–

(A) कुर्सी (B) मेज

(C) छोटी चौकी (D) पाटा

19. शरीर की बाह्य सतह पर पाये जाने वाले कंकाल को कहते है–

(A) बाह्य कंकाल (B) अंतः कंकाल

(C) अस्थि कंकाल (D) सभी।

20. श्वांस गति व नाडी गति में सम्बन्ध होता है –

(A) 1:4 (B) 2:3

(C) 1:10 (D) 2:12

खण्ड ब

निर्देश :– प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिए। 2X6=12

21. लचीले वजट से क्या तात्पर्य ?

22. ओजोन पर्त का क्या महत्व है?

23. नाप लेने की दो विधियों के नाम बताइये।

24 मोच किसे कहते हैं?

25. खडे होकर भोजन पकाने से क्या लाभ है?

26. ठंडी सेंक की विधियाँ बताइये ।

निर्देश प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए। 4X5=20

27. कार्बोहाइड्रेट एवं प्रोटीन पोषक तत्व की सुरक्षा के उपाय लिखिए ।

28. शरीर में जल के कार्य बताइए।

२9. एक सायकिल का क्रम मूल्य 1600 रू0 है, यदि इसका विक्रय मूल्य 2000 रु. है तो लाभ का प्रतिशत बताइये।

30. खपच्ची का प्रयोग कब और क्यों किया जाता है?

31. भोजन पकाने के क्या उद्देश्य है? समझाइए।

निर्देश :– प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय है प्रश्न 32 और 33 में विकल्प दिये हैं। एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 6X3 = 18

32. पारिवारिक व्यय का क्या तात्पर्य है? पारिवारिक व्यय को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

गृह गणित क्या है? इसके महत्व को बताइए ।

33. भोजन परोसने की विधियों का सविस्तार वर्णन कीजिए

अथवा

रोगी का आहार तैयार करते समय किन–किन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है ? समझाइये।

34. घर में सिलाई करने से गृहिणी को क्या लाभ होता है? एक गृहिणी को इसका ज्ञान होना क्यों आवश्यक है?